# आनंदालय

## सामयिक परीक्षा - 1

## कक्षा : नौवीं

विद्या सवर्धि साधिका

विषय : हिंदी 'ब' (085) | अधिकतम अंक : 40

दिनांक: 17-07-2025 | समय : 1 घंटा 30 मिनट

**सामान्य निर्देश :-**

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - क, ख, ग, और घ
2. प्रश्न पत्र में कुल आठ प्रश्न हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए ।

**खंड- क**

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -

भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ़ खेतों में, बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा । विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्न की गुणवत्ता के लिए सही नहीं है, लेकिन जिस रफ़्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनज़र फ़सलों की अधिक पैदावार ज़रूरी थी । समस्या सिर्फ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं है । देश के ज़्यादातर किसान परंपरागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं । दो दशक पहले तक हर किसान के यहाँ गाय, बैल और भैंस खूटों से बँधे मिलते थे । अब इन मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्राली ने ले ली है। परिणामस्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनी कंपोस्ट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गई । पहले चैत-बैसाख में गेहूँ की फ़सल कटने के बाद किसान अपने खेतों में गोबर, राख और पत्तों से बनी जैविक खाद डालते थे । इससे न सिर्फ़ खेतों की उर्वरा-शक्ति बरकरार रहती थी, बल्कि इससे किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फसल मिलती थी ।

(i) हमारे देश में हरित क्रांति का उद्देश्य क्या था ? (1)

(क) देश को रोज़गार के मामले में आत्मनिर्भर बनाना ।

(ख) देश को नौकरी के लिए आत्मनिर्भर बनाना ।

(ग) देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाना ।

(घ) देश को व्यवसायों के मामले में आत्मनिर्भर बनाना ।

(ii) खाद्यान्नों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किनका प्रयोग सही नहीं था ? (1)

(क) रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों का प्रयोग आवश्यक था ।

(ख) रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों का प्रयोग आवश्यक नहीं था ।

(ग) रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों का प्रयोग हानिकारक था ।

(घ) रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के प्रयोग से व्यक्ति को आर्थिक हानि थी ।

(iii) फ़सल कटने के बाद किसान अपने खेतों में किस प्रकार की खाद डालते थे ? (1)

(क) यूरिया-डाई (ख) सुपर फासफेट

(ग) गोबर, राख और पत्तों से बनी जैविक खाद (घ) गोबर और ड़ाई

(iv) हरित क्रांति का मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर क्या असर हुआ ? इसे समाप्त करने के लिए क्या-क्या उपाय करने चाहिए ? (2)

(v) खेतों की उर्वरा-शक्ति बरकरार रखने के लिए किसान क्या करता है ? (2)

## खंड-'ख'

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (7x1=7)

(i) वह मंगला माँ की आराधना करता है । (अनुनासिक शब्द छाँट कर लिखिए)

(ii) अंतिम जंग ज़मीन पर होती है । (अनुस्वार शब्द छाँट कर लिखिए)

(iii) हमारे सैनिकों के सिर पर हमेशा कफ़न बँधा रहता है । (नुक्ता शब्द छाँट कर लिखिए)

(iv) 'साँवरिया' (प्रत्यय छाँट कर लिखिए)

(v) 'स्वचालित' (उपसर्ग छाँट कर लिखिए)

(vi) शब्द पद कब बन जाता है ?

(vii) अर्थ के आधार पर 'निषेधवाचक वाक्य' का एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

## खंड-'ग'

3. गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प लिखिए- (4x1=4)

एवरेस्ट अभियान दल 7 मार्च को दिल्ली से काठमांडू के लिए हवाई जहाज़ से चल दिया । एक मज़बूत अग्रिम दल बहुत पहले ही चला गया था जिससे कि वह हमारे "बेस कैंप' पहुँचने से पहले दुर्गम हिमपात के रास्ते को साफ़ कर सके ।

नमचे बाज़ार, शेरपालैंड का एक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण नगरीय क्षेत्र है । अधिकांश शेरपा इसी स्थान तथा यहीं के आसपास के गाँवों के होते हैं । यह नमचे बाज़ार ही था, जहाँ से मैंने सर्वप्रथम एवरेस्ट को निहारा, जो नेपालियों में 'सागरमाथा' के नाम से प्रसिद्ध है । मुझे यह नाम अच्छा लगा ।

(i) अग्रिम दल अन्य दलों से पहले क्यों चला गया था ?

(क) क्योंकि अच्छे दृश्य देखने के लिए

(ख) क्योंकि रस्सी बाँधने के लिए

(ग) क्योंकि लोगों की सहायता करने के लिए

(घ) क्योंकि हिमपात के रास्ते को साफ़ कर सकें ।

(ii) निम्न में से कौन-सा क्षेत्र शेरपालैंड का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण नगरीय क्षेत्र है ?

(क) नमचे बाजार (ख) काठमांडू (ग) ल्होत्से (घ) पैरिच

(iii) अधिकांश शेरपा कहाँ के रहने वाले थे ?

(क) नमचे बाजार (ख) काठमांडू (ग) ल्होत्से (घ) पैरिच

(iv) नेपालियों में 'हिमालय का शिखर' किस नाम से प्रसिद्ध है ?

(क) नागरमाथा

(ख) सागरमाथा

(ग) पर्वतमाथा

(घ) नमचेमाथा

4. पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प लिखिए- (3x1=3)

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै ।
गरीब निवाजु गुसईंआ मेरा माथै छत्रु धरै ।।
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढ़रै ।
नीचहुँ ऊँच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै ।।
नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै ।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै ।।

(i) रैदास के अनुसार उनके प्रभु गरीब लोगों पर किस प्रकार की कृपा करते हैं ?
(क) धन धान्य और समृद्धि की कृपा करते हैं
(ख) उनकी सारी मनोकामना पूर्ण करने की कृपा करते हैं
(ग) उनको विद्याधन प्रदान करते हैं
(घ) जग में सम्मान प्रदान करते हैं

(ii) 'गरीब निवाजु गुसईंआ' से कवि का आशय है -
(क) अमीरों पर दया करने वाला (ख) गरीबों पर दया करने वाला
(ग) केवल रविदास पर दया करने वाला (घ) कवियों पर दया करने वाला

(iii) रैदास ने अपने पदयांश में निम्न में से किस महापुरुष का नाम लिया है ?
(क) कबीर
(ख) रहीम
(ग) मीराबाई
(घ) गांधी जी

5. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(i) 'दु:ख का अधिकार' कहानी का उद्देश्य मानवीय संवेदना जगाना है ।' पाठ के आलोक में स्पष्ट कीजिए ।
(ii) पठित पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि रैदास के उनके प्रभु के साथ अटूट संबंध हैं ।
(iii) साउथकोल से आगे बढ़ते हुए लेखिका को क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी पड़ीं और क्यों ?
(iv) 'दु:ख का अधिकार' पाठ में किस सामाजिक बुराई की ओर संकेत किया गया है ? इसके कारणों पर प्रकाश डालते हुए इससे होने वाली हानियों का भी उल्लेख कीजिए ।

6. निम्नलिखित दो में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- (1x3=3)

(i) 'लेखिका को जीव-जंतुओं की संवेदनाओं की सूक्ष्म समझ थी ।' इसे स्पष्ट करते हुए बताइए कि आपको इनसे किन-किन मूल्यों को अपनाने की सीख मिलती है ?
(ii) लेखिका ने लघु जीव की जान किस तरह बचाई ? उनके इस कार्य से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ।

## खंड- 'घ'

7. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए - (1x5=5)

(i) बढ़ती जनसंख्या : प्रगति में बाधक
- जनसंख्या वृद्धि बनी समस्या
- संसाधनों पर असर
- वृद्धि के कारण
- जनसंख्या रोकने के उपाय
- उपसंहार

(ii) सादा जीवन उच्च विचार

- भारतीय संस्कृति
- महापुरुषों का सादा जीवन
- सम्पूर्ण जीवन में अहंकार का त्याग
- उपसंहार

(iii) जल संरक्षण-आज की आवश्यकता

- जीवनदायी जल
- जल प्रदूषण के कारण
- जल संरक्षण कितना आवश्यक
- जल संरक्षण के उपाय
- उपसंहार

8. चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरे विचार को समाहित करते हुए 70-80 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए । (1x5=5)

